186

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग

पत्रांकः योoस्थाo1/5–1/2014–2618 /योoविo,पटना, दिनांक 04 जुलाई,2014

प्रेषकः

पंकज कुमार
सचिव

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ
पटना

विषय :– बिहार राज्य योजना पर्षद के अधीन सृजित 7 परामर्शी के पदों में से 2 परामर्शी के पदों को मुख्य सचिव एवं समकक्ष के वेतनमान में उत्क्रमण एवं मुख्य परामर्शी पदनामित करने के संबंध में।

महाशय,

राज्य के विकास को सही दिशा प्रदान करने, योजना सूत्रण की गुणवक्ता के साथ, समयवद्ध तरीके से योजना का अनुश्रवण के उद्देश्य से योजना एवं विकास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन बिहार राज्य योजना पर्षद गठित है। वार्षिक योजना, पंचवर्षीय योजना, दीर्घलक्षी योजना, के माध्यावधि समीक्षा, अध्ययन एवं शोध सहित विभिन्न प्रक्षेत्रों में नीति निर्माण में आवश्यकतानुसार सरकार को परामर्श देने हेतु पर्षद के अधीन 7 परामर्शी का पद सृजित है। इन पदों पर राज्य सरकार द्वारा वरीय एवं अनुभवी पदाधिकारियों का मनोनयन किया जाता है। वर्तमान में 5 परामर्शी के पदों पर वरीय पदाधिकारी मनोनित हैं एवं दो पद रिक्त हैं, जिसपर मुख्य सचिव एवं समकक्ष स्तर के पदाधिकारियों को मुख्य परामर्शी के पद पर राज्य सरकार द्वारा मनोनयन की अधिसूचना निर्गत है। मुख्य सचिव एवं समकक्ष स्तर के वरीय पदाधिकारियों के पदस्थापन पर वेतन भुगतान की कार्रवाई में कठिनाई को देखते हुए पर्षद के अधीन रिक्त 2 परामर्शी के पद को मुख्य सचिव एवं समकक्ष स्तर के वेतनमान में उत्क्रमित करते हुए मुख्य परामर्शी, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना पदनामित किया जाना आवश्यक हो गया।

2. इस आलोक में बिहार राज्य योजना पर्षद के अधीन परामर्शी के रिक्त 2 पदों को मुख्य सचिव एवं समकक्ष स्तर के नियत वेतनमान –80,000/–(अस्सी हजार) में उत्क्रमित करते हुए मुख्य परामर्शी के पदनाम से पदनामित किया जाता है।

3. उपर्युक्त पदों के उत्क्रमण के फलस्वरूप होने वाले व्यय का वहन मुख्य बजट शीर्ष–3451 सचिवालय आर्थिक सेवाएँ, उप मुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष–101, योजना आयोग

185 (22)

योजना बोर्ड, मांग संख्या–35, उपशीर्ष–0001, बिहार राज्य योजना बोर्ड, विपत्र कोड– N–3451001010001 के वेतन भत्ता मद के अन्तर्गत विकलनीय होगा।

4. प्रस्ताव में प्रशासी पदवर्ग समिति की स्वीकृति प्राप्त है।

5. प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक 01.07.2014 के मद संख्या–45 के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त है।

4/7/2014
(पंकज कुमार)
सचिव

ज्ञापांकः योo स्था01 / 5–1 / 2014–2618 / योoविo,पटना, दिनांक 04 जुलाई,2014

प्रतिलिपिः मुख्य सचिव / विकास आयुक्त / सचिव, विधि विभाग, बिहार, पटना / माननीय मंत्री योजना एवं विकास विभाग के आप्त सचिव / वित्त विभाग / सामान्य प्रशासन विभाग / उप निदेशक, बिहार राज्य योजना पर्षद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/7/2014
सचिव

ज्ञापांकः योo स्था01 / 5–1 / 2014–2618 / योoविo,पटना, दिनांक 04 जुलाई,2014

प्रतिलिपिः कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/7/2014
सचिव
योजना एवं विकास विभाग